# राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस)

**(स्कूल शिक्षा विभाग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार का एक स्वायत्त संगठन)**

**ए-24/25, इंस्टीटयूशनल एरिया, सैक्टर-62, नोएडा 201309, उ.प्र.**


**हाउसकीपिंग सेवाएँ उपलब्ध करने के लिए निविदा सूचना**

एनआईओएस, एनआईओएस को हाउसकीपिंग सेवाएँ उपलब्ध कराने के लिए अनुभवी संस्थाओं से दो बोली प्रणाली (तकनीकी एवं वित्तीय बोली) में मुहरबंद निविदाएँ आमंत्रित करता है ।

निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 24.09.2014 को अपराह्न, 2.00 बजे तक है । आवेदन फॉर्म तथा विवरण एनआईओएस की वेबसाइट www.nios.ac.in से डाउनलोड किया जा सकता है । यह उपर्युक्त पते पर सहायक निदेशक (प्रशासन) से भी प्राप्त किया जा सकता है ।

सचिव

क्र.सं.-----------------------------------------------

जारी करने की तिथि -----------------------------

525/- रू. का मूल्य (मात्र पाँच सो रू.) (अप्रतिदेय)

एनआईओएस, कैश काउंटर, ए-24/25, सैक्टर-62,

निविदा दस्तावेज़, रखरखाव अनुभाग, कमरा संख्या 204, द्वितीय तल, एनआईओएस, ए-24/25, सैक्टर-62, नोएडा में रखे निविदा बॉक्स में डालें । निविदा फार्म के विक्रय के लिए अंतिम तिथि व

नोएडा-201309, (उ.प्र.) पर जमा करें ।
एनआईओएस रसीद संख्या ------------------------- देखिए
दिनांक --------------------------------

या

बैंक ड्राफ्ट संख्या के द्वारा जमा -------------------------------

दिनांक -------------------------- का, -----------------------
रू.
का बैंक ड्राफ्ट ------------------------- (बैंक का नाम) पर आहरित, सचिव, एनआईओएस नोएडा में देय (तकनीकी बोली फार्म सहित संलग्न होना चाहिए)

समय 24.09.2013 के **14.00 बजे तक**
मुहरबंद निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय 26.09.2014 के **14.00 बजे तक**
तकनीकी बोली खोलने की तिथि व समय 26.09.2014 को **15.00 बजे**

**तकनीकी बोली/बोलियाँ खोलने का स्थान**

**राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान**
**रखरखाव अनुभाग, कमरा नं. 402, द्वितीय तल,**
**ए-24/25, इन्स्टीट्यूशनल एरिया,**
**सैक्टर-62, नोएडा - 201309**

# राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस)

**(स्कूल शिक्षा विभाग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार का एक स्वायत्त संगठन)**

**ए-24/25, इंस्टीटयूशनल एरिया, सैक्टर-62, नोएडा 201309, उ.प्र**

## हाउसकीपिंग सेवाएँ उपलब्ध कराने हेतु निविदा दस्तावेज़

संस्थान के बारे में

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय (मा.सं.वि.मं), भारत सरकार का एक स्वायत्त संगठन है । यह उन व्यक्तियों को जो शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं और अच्छे भविष्य के योग्य बनना चाहते हैं उन्हें माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्तर तक तथा व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए भी शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराता है । एनआईओएस का उद्देश्य विशेष रूप से उन सभी लड़कियों, महिलाओं, ग्रामीण युवकों, कार्यरत पुरुषों व महिलाओं, अ.जा. एवं अ.ज.जा., विभिन्न प्रकार से अक्षम व्यक्तियों और अन्य शिक्षा वंचित व्यक्तियों को शिक्षा प्रदान करना है जो अनेक कारणों से औपचारिक रूप से अपनी शिक्षा जारी नहीं रख सके । एनआईओएस 18 क्षेत्रीय केन्द्रों, 2 उप-क्षेत्रीय केन्द्रों तथा लगभग तीन हजार प्रत्यायित संस्थानों (एआईयो) में साधारणतः अध्ययन केन्द्रों के रूप में जाने वाली संस्थानों (एवीआई) के नेटवर्क के माध्यम से कार्य करता है । **एनआईओएस विश्व की सबसे बड़ी मुक्त विद्यालयी शिक्षा प्रणाली है ।**

सचिव, राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) ए-24/25 एवं ए-31, नोएडा में (दो स्थान) और तीसरे स्थान मार्फत सीडबल्यूसी, एमपीडीडी, राणा प्रताप बाग, दिल्ली में स्थित एनआईओएस कार्यालयों के लिए हाउसकीपिंग सेवाओं हेतु निविदाएँ आमंत्रित करते हैं।

प्रतिष्ठित और अनुभवी ठेकेदार जिन्हें इस क्षेत्र में तीन वर्षों का अनुभव हो वे निर्धारित फॉर्मों तकनीकी बोली एवं वित्तीय बोली में आवेदन करें और अलग अलग मुहरबंद लिफ़ाफ़े में पूर्ण रूप से भरकर, लिफ़ाफ़े पर **"हाउसकीपिंग सेवाएँ प्रदान कराने के लिए निविदा"** लिखकर निम्नलिखित पते पर भेजें:-

सचिव,
राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस)
ए-24/25, इन्स्टीट्यूशनल एरिया,
सैक्टर-62, नोएडा, उ.प्र. 201309

और इसे एनआईओएस के रखरखाव अनुभाग, कमरा नं 204, ए-24/25, इन्स्टीट्यूशनल एरिया, सैक्टर-62, नोएडा, 201309 (उ.प्र.) में इसके लिए रखे मुहरबंद निविदा बॉक्स में डालें ।

**I. बोली लगाने वालों के लिए अनुदेश**

1. इच्छुक निविदाकार एनआईओएस कार्यालयों की स्थिति का अवलोकन करें तथा सहायक निदेशक (प्रशा.) एनआईओएस को सूचित करके किसी कार्यदिवस पर अपराहन 2.00 बजे से अपराहन 4.00 बजे तक हाउसकीपिंग सेवाओं में होने वाले वास्तविक कार्यों/सेवाओं का निर्धारण कर सकते हैं ।
2. निविदा फॉर्म एनआईओएस की वेबसाइट www.nios.ac.in से भी डाउनलोड किया जा सकता है। डाउनलोड किए गए निविदा फॉर्म के संबंध में निविदा फॉर्म के मूल्य के अनुसार रु.525/- (केवल पाँच सौ पच्चीस रुपए) की धनराशि उपर्युक्त पते पर एनआईओएस के नकद काउंटर पर नकद रूप में जमा करें और इसकी रसीद निविदा फॉर्म के साथ संलग्न करें अथवा सचिव एनआईओएस के पक्ष में नोएडा में देय किसी राष्ट्रीयकृत बैंक का बैंक ड्राफ्ट जमा कराएँ ।
3. फर्म को तकनीकी बोली फॉर्म के साथ एक मुश्त बयाना राशि जमा के रूप में किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से "सचिव, एनआईओएस, नोएडा" के पक्ष में देय 1,00,000/- (एक लाख रुपए केवल) का क्रॉस डिमांड ड्राफ्ट जमा करना होगा। असफल निविदाकर्ताओं की बयाना राशि जमा सफल निविदाकर्ता के चयन के पश्चात जितनी जल्दी हो सके, लौटा दी जाएगी । सफल निविदाकार की ईएमडी, प्रतिभूति जमा की प्राप्ति के तुरंत बाद लौटा दी जाएगी । किसी भी मामले में ईएमडी पर ब्याज का भुगतान नहीं किया जाएगा।
4. सफल निविदाकर्ता को कार्य आदेश जारी होने के एक माह में 18 माह की अवधि के लिए संविदा का वार्षिक निविदा मूल्य के 10% की दर पर प्रतिभूति जमा बैंक ड्राफ्ट अथवा बैंक गारंटी के रूप में "सचिव, एनआईओएस, नोएडा के पक्ष में देना होगा जो संविदा की स्वीकृति के एक माह में अच्छे कार्य और सुरक्षा प्रयोजन सुनिश्चित करने

के लिए ब्याज मुक्त प्रतिभूति जमा के रूप में होगा जिसे संविदा समाप्ति/नवीकरण न होने/समाप्त करने के समय दिया जाएगा । संविदात्मक अवधि के दौरान संविदा के अतिक्रमण की स्थिति में जमा प्रतिभूति जब्त कर ली जाएगी । किसी भी मामले में निष्पादन प्रतिभूति पर किसी प्रकार का ब्याज नहीं दिया जाएगा ।

5. तकनीकी और वित्तीय बोली फॉर्म क्रमश: अनुलग्नक I और II के रूप में संलग्न हैं । उन्हें अलग मुहरबंद लिफाफों में रख कर जमा करें और लिफाफे के शीर्ष में स्पष्ट रूप से लिखें । तकनीकी और वित्तीय बोली वाले दोनों मुहरबंद लिफाफे एक बड़े लिफाफे में रखे और सही ढंग से मुहरबंद करके सचिव, एनआईओएस को संबोधित करते हुए उपर्युक्त तिथि और समय पर इस उद्देश्य के लिए विशेष रूप से एनआईओएस, रखरखाव अनुभाग, कक्ष सं 2014, ए-24/25, इन्स्टीट्यूशनल एरिया, सैक्टर-62, नोएडा, 201309 (उ.प्र.) में रखे बॉक्स में डालकर जमा करें ।

## II. योग्यता मानदंड

फर्म प्रतिष्ठान को उपर्युक्त कार्य हेतु आवेदन करने के लिए निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करना होगा:-

1. फर्म कम्पनी/सहभागिता इत्यादि से संबन्धित अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत होनी चाहिए।
2. फर्म के पास संबन्धित संविदा, श्रम विनियमन तथा उन्मूलन अधिनियम, 1970 के अंतर्गत एक मान्य लाइसेंस होना चाहिए ।
3. फर्म को कम से कम एक केंद्रीय/राज्य सरकार/अर्ध सरकारी संगठन/उपक्रम/निजी लिमिटेड कम्पनी इत्यादि में हाउसकीपिंग सेवाओं का तीन वर्ष का अनुभव होना चाहिए ।
4. फर्म का पिछले तीन वर्षों के दौरान कम से कम एक करोड़ रु प्रति वर्ष का टर्नओवर होना चाहिए । (चार्टेड अकाउंटेंट द्वारा सत्यापित किया गया हो)।
5. फर्म के पास मान्य ईपीएफ़, ईएसआई और सेवाकर पंजीकरण प्रमाणपत्र होने चाहिए।
6. संस्थान का नाम पिछले तीन वर्षों के दौरान किसी केंद्रीय/राज्य सरकार/अर्ध सरकारी संगठन/उपक्रम में ब्लैक लिस्ट में न लिखा हो ।

## III. आवश्यकता की योजना (कार्य का क्षेत्र)

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान, मानव संसाधन विकास मंत्रालय (मा.सं.वि.मं), भारत सरकार के अंतर्गत एक स्वायत्त निकाय है । इसके द्वारा एनआईओएस के तीन परिसरों में हाउसकीपिंग सेवाओं के लिए संविदा प्रदान करना है:-

1. ए-24/25, इन्स्टीट्यूशनल एरिया, सैक्टर-62, नोएडा, 201309 (उ.प्र.)
2. ए-31, इन्स्टीट्यूशनल एरिया, सैक्टर-62, नोएडा, 201309 (उ.प्र.)
3. सामग्री निर्माण एवं वितरण विभाग (एमपीडीडी) मार्फत सेंट्रल वेयरहाउस कॉरपोरेशन, जी.टी.करनाल रोड, स्टेट बैंक कालोनी के सामने, राणा प्रताप बाग, दिल्ली-110033

क) **प्रतिदिन किए जाने वाले कार्य की मदें:-**

i) भवन के चारों ओर के क्षेत्र सहित सम्पूर्ण क्षेत्र में झाड़ू लगाना तथा सारी बेकार सामग्री एकत्र करना और एनआईओएस प्राधिकारियों के निर्देशानुसार इनका निपटान हो ।

ii) मशीनी विधि के साथ साथ हाथ से भी फर्श की सफाई । संस्थान को समय-समय पर दीवार साफ करने की मशीन इत्यादि जैसे अन्य औजारों की आवश्यकता भी होगी । गीले फर्श के पोंछे और कीटाणुनाशक डिटरजेंट तथा आवश्यकतानुसार अन्य सामग्री पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध करानी होगी। केवल ब्रांडेड उत्पादों का प्रयोग करने की अनुमति दी जाएगी । शौचालयों तथा पेशाबघरों की सफाई एवं धुलाई डियोडरेंट, डिटरजेंट तथा कीटाणुनाशकों का प्रयोग करते हुए सुबह कार्यालय खुलने से पहले एक बार और उसके बाद हर दो घंटे के बाद होनी चाहिए और गलियारे, सीढ़ियों तथा स्वागतकक्ष इत्यादि की सफाई विशेषरूप से होनी चाहिए। फर्म को कमरों को मच्छर, मक्खियों से मुक्त रखने के लिए उनमें फिनिट इत्यादि स्प्रे करना होगा ।

iii) विभिन्न तलों पर वेक्यूम क्लीनर से कालीनों की सफाई (ठेकेदार द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा)। स्थान की आवश्यकता/एनआईओएस के प्राधिकारियों के निर्देशानुसार जहां कहीं आवश्यक हो रोशनदान/सीधे ब्लाईंड्स की सफाई/धुलाई करना ।

iv) पानी की कमी तथा पानी की उपलब्धता न होने की स्थिति में सफाई के साथ-साथ हाउसकीपिंग के अन्य कार्यों के लिए पानी भूमिगत टैंक से या बाहर से लाना ।

v) एनआईओएस कॉम्प्लेक्स की चारदीवारी के अंदर/बाहर खुले क्षेत्र, सड़क, लॉन आदि में झाड़ू लगाना तथा सफाई करना ।

vi) कार्यालय खुलने से पहले अर्थात पूर्वाहन 9.00 बजे नियमित रूप से प्रतिदिन जाले झाड़ने सहित कार्यालय फर्नीचर (मेज और कुर्सियाँ) तथा उपकरणों, टेलीफोनों, एशट्रे, किताबों की शेल्फ, फ़ाइल केबिनेटों, अलमारियाँ, दरवाजे तथा खिड़कियों को झाड़ना ।

vii) आवश्यकतानुसार द्रव्य साबुन/नैपथलीन की गोलियों/टिकिया, ओडोनिल टिकिया इत्यादि का प्रावधान । ठेकेदार यह सुनिश्चित करेंगे कि उपर्युक्त टोयलेटरीज निर्धारित स्थिति में हमेशा उपलब्ध हों ।

**ख) सामान्यता सप्ताह में एक बार किए जाने वाले कार्य की मदें:-**

**(आवश्यक मदों/सफाई सामग्री की सूची अनुलग्नक-III में संलग्न है । )**

i) सैनेटरी इन्स्टोलेशन जैसे-वेस्टर्न स्टाइल ट्रेपस, बोटल, ट्रेप्स, गुली ट्रेपस, मुख्य छेद, ग्रेटिंग्स के बंद हो जाने पर शिकायत किए जाने के 24 घंटों के अंदर अंदर खोलना होगा ।

ii) ब्रासो से नाम पट्टों तथा नंबर पट्टों को चमकाना और अन्य सभी नाम पट्टों/बोर्डों की सफाई ।

iii) गंदे दाग हटाने के लिए डिटरजेंट से फर्श की धुलाई और रगड़ाई ।

iv) सेनेटरी वेयर की चमक/कांति को नुकसान पहुंचाए बिना उन्हें तेजाब से साफ करना।

v) अवांछित दाग/सफाई के निशान छोड़े बिना जहां तक संभव को सर्फ अथवा कोई अन्य उपयुक्त डिटरजेंट से फर्श, दीवारों तथा विभाजकों के दाग धब्बे छुड़ाना ।

vi) वाटर कूलर टैंक तथा वाटर कूलरों के नीचे की जगह की सफाई ।

vii) पंखों, बिजली की फिटिंग, शीशे की केमिकल से सफाई तथा विभाजकों के पल्लों की सफाई सहित खिड़की के पल्लों इत्यादि को झाड़ना तथा सफाई करना ।

**IV) विनिर्देशन तथा तकनीकी विवरण**

**तकनीकी बोली**

तकनीकी बोली (अनुलग्नक-I) एकमुश्त बयाना राशि 1,00,000/- (केवल एक लाख रु.) और एनआईओएस की वेबसाइट www.nios.ac.in से डाउनलोड किए निविदा फार्म के लिए किसी राष्ट्रीयकृत बैंक का 525/- रु. का शुल्क बैंक ड्राफ्ट के रूप में **सचिव, राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान, नोएडा** के पक्ष में देय तकनीकी बोली के लिए बनाए गए लिफाफे में रखा जाए । बयाना राशि (ईएमडी) के बिना तकनीकी बोली रद्द कर दी जाएगी। इसके अतिरिक्त फर्म निविदा दस्तावेज़ में मांगे गए आवश्यक दस्तावेजों की सत्यापित प्रतियाँ तकनीकी बोली के साथ जमा करें ।

**<u>वित्तीय बोली</u>**

वित्तीय बोली (अनुलग्नक-II) में संविदा के आधार पर निष्पादित कार्य के लिए कुल मासिक धनराशि मदवार विभाजन के साथ दर्शाया गया है, जिसमें अनुलग्नक- III के अनुसार अन्य खर्चों सहित सभी अनिवार्य, सांविधिक भुगतान भी प्रदान किए जाएंगे ।

i) तकनीकी और वित्तीय बोलियाँ मुहरबंद लिफाफो में अलग-अलग जमा कराए जाएँ और लिफाफे के ऊपर साफ-साफ लिखा जाए। वित्तीय और तकनीकी बोली वाले इन दोनों मुहरबंद लिफाफों को एक बड़े लिफाफे में रखें और उसे भी सही ढंग से मुहरबंद करें । ठेकेदार को उपर्युक्त सेवाओं के लिए सही पहचान बैजों के साथ लगभग 30 सफाई कर्मी और 03 सुपरवाइजर (अकुशल) प्रदान करने होंगे । ठेकेदार को अनुलग्नक - II पर संलग्न अनुसार वित्तीय बोली फार्म में श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, केंद्र सरकार द्वारा सफाई कार्मिकों तथा पर्यवेक्षकों के लिए निश्चित की गई न्यूनतम मजदूरी की दरें देनी होगी ।

ii) सभी शर्तें समान रहें, उस फर्म को प्राथमिकता दी जाएगी जिसे कम से कम एक केंद्रीय/राज्य सरकार/अर्ध सरकारी संगठन/उपक्रम/प्र.लि.कंपनी इत्यादि में हाउसकीपिंग सेवाओं के निष्पादन का अधिक से अधिक से अनुभव होगा ।

iii) एनआईओएस के पास बिना कोई कारण बताए किसी एक या सभी प्रस्तावों को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है ।

5) **संविदा की निबंधन एवं शर्तें:**

**क) निविदाकार को संविदा की निम्नांकित निबंधन एवं शर्तों का सख्ती से पालन करना होगा:-**

1. सफल निविदाकार को अच्छी निष्पत्ति और सुरक्षा कारणों से संविदा की स्वीकृति के एक माह के अंदर ब्याज मुक्त प्रतिभूति जमा के रूप में कार्य आदेश जारी होने के एक माह में 18 माह की अवधि के लिए "सचिव, एनआईओएस, नोएडा के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट अथवा बैंक गारंटी के रूप में संविदा के वार्षिक निविदा मूल्य की 10% की दर से प्रतिभूति जमा करनी होगी जो संविदा के समाप्त होने/पुनः नवीकरण न होने/रद्द करने के समय दे दी जाएगा । संविदा अवधि के दौरान संविदा के किसी प्रकार के उल्लंघन के मामले में प्रतिभूति जमा जब्त कर ली जाएगी । किसी भी स्थिति में निष्पादन प्रतिभूति पर ब्याज नहीं दिया जाएगा ।

2. तकनीकी बोली सक्षम प्राधिकारी द्वारा विधिवत गठित एक समिति द्वारा निविदाकारों/उनके प्रतिनिधियों जो उपस्थित होना चाहते हैं उनकी उपस्थिति में ऊपर निर्दिष्ट तिथि तथा समय पर खोली जाएगी । इसके लिए फर्मों को अलग से सूचित नहीं किया जाएगा । तकनीकी बोली में सफल निविदाकारों की वित्तीय बोली अलग से खोली जाएगी । तदनुसार फर्म को बोली खोलने की तिथि अलग से सूचित की जाएगी।
3. बोली लगाने में सफल नाम की घोषणा सभी प्रस्तावों की संवीक्षा तथा आवश्यक औपचारिकताओं के पश्चात की जाएगी ।
4. फर्म को निविदा दस्तावेज़ में दर्शाये योग्यता के मानदंड पूरे करना आवश्यक होगा । फिर भी किसी एक प्रस्ताव अथवा सभी प्रस्तावों को स्वीकारने तथा निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है । किसी भी ठेकेदार को अपनी निविदा तथा उसमे कोट की गई दरों के आधार एनआईओएस में सफाई सेवाएँ मांगने का कोई अधिकार नहीं है ।
5. सफल बोली लगाने वाला एनआईओएस के साथ एक नए समझौते के साथ कम करेगा और वह समझौता प्रारम्भ में स्वीकृति की तिथि से एक वर्ष की अवधि के लिए मान्य होगा । फिर भी यदि एनआईओएस प्राधिकारी को लगता है कि संविदा की अवधि के दौरान एनआईओएस को प्रदान की जा रही हाउसकीपिंग सेवाओं में फर्म का कार्य संतोषजनक है तो दो वर्ष की अवधि के लिए उन्हीं निबंधन एवं शर्तों का पालन करते हुए आपसी सहमति से संविदा पुनः बढ़ाई जा सकती है ।

6. फर्म को उपर्युक्त सेवाओं के लिए उपयुक्त पहचान बैजों के साथ लगभग 30 सफाई कार्मिक, 3 सुपरवाइजर (अकुशल) उपलब्ध कराने होंगे । फर्म अनुलग्नक -II पर संलग्न तकनीकी बोली फार्म में श्रम और रोजगार मंत्रालय केंद्रीय सरकार द्वारा नियत सफाई कार्मिकों तथा पर्यवेक्षकों की न्यूनतम मजदूरी की दरों का प्रस्ताव करेगी । समय-समय पर एनआईओएस की आवश्यकतानुसार तैनात कार्मिकों को बढ़ाया या घटाया जा सकता है । तदनुसार, एनआईओएस के लिए काम के लिए कहे गए कुल कार्मिकों की संख्या के अनुसार भुगतान बढ़ या घट भी सकता है ।
7. एनआईओएस द्वारा मजदूरी का भुगतान उपयुक्त सरकार द्वारा मजदूरी के समय समय पर संशोधन पर निर्भर होगा ।
8. ठेकेदार को सफाई के लिए अच्छी गुणवत्ता की सफाई सामग्री प्रदान करनी होगी।
9. ठेकेदार को सुनिश्चित करना होगा कि सभी परिसरों में सफाई का काम कार्य दिवसों में प्रतिदिन प्रातः 8.00 बजे से पहले प्रारम्भ हो जाए और प्रातः 9.00 बजे से पहले पूरा हो जाए । कार्यालयी समय के दौरान परिसरों की सफाई के लिए सफाई कार्मिक प्रदान करना ठेकेदार का उत्तरदायित्व है तथा साफ-सफाई भली भांति होनी चाहिए ।
10. ठेकेदार द्वारा सफाई कार्य के लिए लगाए गए कार्मिकों को समयनिष्ठ तथा अनुशासन प्रिय होना चाहिए । उन्हें सक्षम प्राधिकारी अथवा परिसरों की सफाई कायम रखने के लिए पदस्थ अधिकारियों द्वारा समय समय पर दिये गए अनुदेशों और दिशा निर्देशों का पालन करना चाहिए ।
11. ठेकेदार को सभी श्रम कानून तथा स्थानीय क़ानूनों का सख्ती से पालन करना होगा और ऐसे स्थानीय नियमों का अनुपालन कराना ठेकेदार का दायित्व होगा ।
12. ठेकेदार किसी भी ओर से एक माह की सूचना पर हटाया जा सकता है ।
13. ठेकेदार पर्याप्त संख्या में कार्मिक उपलब्ध कराएगा जिनकी उपस्थिति प्रतिदिन संबन्धित सुपरवाइजर के पास उपलब्ध उपस्थिति रजिस्टर में अंकित की जाएगी ।
14. ठेकेदार अपने कर्मचारियों को उनकी कमीज की बायीं और की जेब पर लगे उनके नाम की पट्टी के साथ अलग से वर्दी उपलब्ध कराएगा ।
15. भवन की छत पर, कोनों में अथवा किसी अन्य भाग में कूड़ा डालने की अनुमति नहीं दी जाएगी । इस संबंध में किसी प्रकार की गलती किए जाने पर प्रतिदिन 500/- रु का जुर्माना लगाया जाएगा ।
16. ठेकेदार तथा उनके कर्मचारियों के बीच किसी भी प्रकार के विवाद को वे एनआईओएस को किसी भी तरह सम्मिलित किए बिना वे स्वयं निपटाएंगे ।

17. किसी भी प्रकार की कमी रह जाने पर किसी भी दशा में बयाना राशि/प्रतिभूति जमा जब्त कर ली जाएगी ।

18. ठेकेदार द्वारा दी जा रही सेवाएँ यदि किसी स्तर पर असंतोषजनक पायी गई तो दैनिक सेवाओं में कमी के कारण मासिक बिल के 5% की दर पर अथवा प्रतिदिन प्रति तल 200/- रु. की दर पर जो भी अधिक हो और साप्ताहिक सेवाओं में कमी के कारण मासिक बिल के 10% की दर पर अथवा प्रतिसप्ताह प्रति तल 500/- रु. की दर पर जो भी अधिक हो की कटौती बिल से की जाएगी । एनआईओएस को जैसा उपयुक्त और सही लगे उसे ठेकेदार के विरुद्ध इस प्रकार की कार्रवाईयां करने की छूट होगी ।

19. चुनी गई फर्म को प्रदान की गई संविदा को अंतिम रूप देने के लिए कोट की गई दरें कम से कम 90 दिनों के लिए मान्य होंगी । निर्दिष्ट दरें एनआईओएस द्वारा चुनी गई फर्म को संविदा प्रदान करने के कार्य के पूरे होने के 90 दिनों तक मान्य रहेंगी ।

20. अधूरी निविदाएँ अथवा निर्धारित बयाना धनराशि के बिना प्राप्त निविदाएँ तुरंत रद्द कर दी जाएंगी ।

21. फर्म तथा एनआईओएस के मध्य बाहरी अथवा समझौते के संबंध में उत्पन्न किसी विवाद के मामले में, वह विवाद एनआईओएस के सक्षम प्राधिकारी द्वारा नियुक्त विवाचक को सौंप दिया जाएगा जिसका निर्णय पार्टियों के लिए अंतिम तथा मान्य होगा ।

22. दलों के बीच उठ रहे बाहरी अथवा आंतरिक कोई विवाद केवल दिल्ली न्यायालयों के अधिकार क्षेत्र का विषय होगा ।

23. एक माह में कार्य के लिए अनिवार्यतः आवश्यक सभी सामग्रियाँ स्थान की आवश्यकतानुसार जारी की जाएंगी । यदि फर्म सामग्री की आवश्यक मात्रा में आपूर्ति नहीं कर पाती है तो एनआईओएस फर्म को जोखिम तथा दरों पर सामग्री की खरीद करेगा और सामग्री पर खर्ची गई धनराशि, मासिक बिल/बयाना राशि की धनराशि से काट ली जाएगी ।

24. सामग्री के मूल्य सहित काम के सभी मदों के लिए पूरे क्षेत्र (आच्छादित क्षेत्र, खुले क्षेत्र, आस पास के क्षेत्र, सीढ़ियाँ, लॉबी, गलियारों, शौचालयों आदि) के लिए प्रति माह राशि ली जा सकती है ।

25. यदि आवश्यक हो तो ठेकेदार एनआईओएस को ऊपर कथित सेवाएँ प्रदान करने के लिए बीमा अपने खर्च पर करेगा और श्रम संविदा (विनियमन एवं उन्मूलन)

अधिनियम, 1970, कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, कर्मचारी अनुकंपा अधिनियम 1923, मजदूरी भुगतान अधिनियम 1936, कर्मचारी भविष्य निधि (विविध प्रावधान) अधिनियम, 1952, बोनस भुगतान अधिनियम, 1965, न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948, न्योकता दायित्व अधिनियम 1938, बाल रोजगार अधिनियम, 1938 और अथवा कोई अन्य नियम/शर्तें और/अथवा स्थितियाँ जो उन पर लागू हो सकती हैं से संबन्धित सांविधिक प्रावधानों का पालन करेगा तथा एनआईओएस को अनाचरण, त्रुटिपूर्ण, अतिक्रमणपूर्ण और/अथवा किसी दावे, मांग, हानि, चोट सभी कृत्यों से सुरक्षित रखेगा और ऊपर कथित सांविधिक प्रावधान के पूर्ण न होने से खर्च बढ़ सकता है । इसके अंतर्गत ठेकेदार  की असफलता की किसी आबंधी की भरपाई करने के लिए और/अथवा बताए गए अधिनियमों, नियमों/विनियमों अथवा किसी उपविधि अथवा इसके अंतर्गत बनाए गए नियमों अथवा इनमे से कोई भी हो तो एनआईओएस ऐसे किसी भी नुकसान या खर्च की भरपाई प्राप्त करने का हकदार होगा अथवा इस प्रकार के दावे, मांग, हानि अथवा ठेकेदार के मासिक भुगतान से उठाने पर इसे क्षति हो सकती है ।

26. एनआईओएस में जमा कराने से पहले सभी पृष्ठ फर्म के मालिक/प्राधिकृत हस्ताक्षरी द्वारा हस्ताक्षरित तथा मुहर लगे होने चाहिए ।

**फर्म द्वारा हाउसकीपिंग कर्मी को दी जाने वाली मजदूरी**

27. संविदा प्राप्त करने वाली फर्म को संस्थान में कार्यरत कर्मियों को श्रम एवं रोजगार मंत्रालय केंद्र सरकार द्वारा समय समय पर लागू न्यूनतम मजदूरी अधिनियम के अनुसार मजदूरी का भुगतान करना होगा । जब कभी सरकार इन मजदूरी दरों में संशोधन करती है तो संविदा प्राप्त फर्म को उनके कर्मियों की मजदूरी के भुगतान में संशोधन के लिए सहायक दस्तावेजों के साथ एनआईओएस को लिखित में अनुरोध करना होगा ।

28. संविदा प्राप्त करने वाली फर्म उसके द्वारा तैनात किए गए कर्मियों को प्रत्येक माह के सातवें दिन पर संस्थान के परिसर में मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित करेगी, चाहे एनआईओएस को जमा किए गए बिल के भुगतान के लिए संस्थान द्वारा राशि दी गई है अथवा नहीं । यदि किसी माह विशेष के सातवें दिन अवकाश होता है तो फर्म उस माह के सातवें दिन के पहले कार्य दिवस अपने कर्मियों का मजदूरी का भुगतान करेगी ।

(ख) संविदा निष्पादन के दौरान संस्था के कार्मिकों से निम्नांकित कार्य और व्यवहार की अपेक्षा है:-

i) ठेकेदार के कर्मियों एनआईओएस के कार्मिकों को परेशान नहीं करेंगे अथवा परिसर में किसी भी प्रकार का शोर नहीं करेंगे ।

ii) ठेकेदार के कर्मियों को एनआईओएस के कार्मिकों के साथ नम्र, शिष्ट, सलीकेदार तथा ईमानदार होना ।

iii) ठेकेदार अपने कार्मिकों द्वारा किसी भी प्रकार की चोरी, सेंधमारी, आग लगाना अथवा कोई अन्य दुर्व्यवहार जनक कार्य किए जाने के लिए पूर्ण रूप से जिम्मेदार होगा, जिसकी भरपाई फर्म से की जाएगी ।

iv) ठेकेदार के कर्मी एनआईओएस परिसर के अंदर किसी भी गैर कानूनी गतिविधि में शामिल नहीं होंगे और उनका नैतिक चरित्र अच्छा होना चाहिए ।

v) अपने कार्मिकों की मजदूरी के भुगतान के लिए ठेकेदार सीधे उत्तरदायी होगा, जो केंद्र सरकार के कार्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों के लिए श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी से कम नहीं होना चाहिए । यह फर्म अपने कर्मचारियों को भविष्य निधि (पीएफ़), ईएसआई अथवा नियम के अंतर्गत उपलब्ध अन्य लाभों का भी भुगतान करेगी। एनआईओएस इस संस्था में कार्य कर रहे कर्मचारियों के किसी प्रकार के दावे स्वीकार नहीं करेगी ।

vi) एनआईओएस के कार्य में लगाए गए कर्मचारियों के बीमा तथा दुर्घटनाओं के लिए ठेकेदार जिम्मेदार होगा ।

vii) ठेकेदार के सभी कर्मचारी संक्रामक बीमारी से मुक्त होने चाहिए। ठेकेदार द्वारा उन्हें एनआईओएस कार्य के लिए तैनात करने से पहले प्रत्येक कर्मचारी का पुलिस सत्यापन तथा चिकित्सा स्वस्थता पूर्ण होना चाहिए ।

viii) ठेकेदार को राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान के भवनों में तैनात सफाई कर्मियों/पर्यवेक्षकों के संबंध में पी.एफ़. और ईएसआई संबन्धित संस्थान में जमा कराने के पश्चात पी.एफ़. और ईएसआई के लिए की गई कटौतियों के साथ साथ मासिक भुगतान रजिस्टरों की प्रतियाँ एनआईओएस में जमा करानी होंगी । राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान में तैनात प्रत्येक कर्मचारी पी.एफ़. और ईएसआई के लिए नाम तथा खाता संख्या और प्रत्येक मामले मे जमा के प्रमाण अनुगामी माह के बिल के साथ जमा किया जा सकता है ।

ix) सफाई कर्मी कार्यालय छोड़ने से पहले प्रतिदिन सुपरवाइजर को और सुपरवाइजर सहायक निदेशक (प्रशा.) को अथवा इस कार्य के लिए पदस्थ व्यक्ति को सूचित करेंगे ।

x) आरंभ में समझौता एक वर्ष की अवधि के लिए मान्य होगा जिसे यदि फर्म के कार्य संतोषजनक पाने की स्थिति में दो वर्ष की अवधि के लिए बढ़ाया जा सकता है। समझौता निविदा की सभी निबंधन एवं शर्तों को पूरा करने के लिए 100/- रु. के गैर न्यायिक स्टाम्प पेपर पर बनाया जाएगा।

xi) एनआईओएस, माह पूर्ण हो जाने के पश्चात फर्म को मासिक आधार पर सहमत राशि का भुगतान करेगा। निबंधन एवं शर्तों के अनुसार कार्य संतोषजनक न पाये जाने की दशा में मासिक बिल से कटौती कर ली जाएगी और लिखित में चेतावनी जारी की जाएगी। सुधार न पाये जाने की स्थिति में कार्य से विमुक्त कर दिया जाएगा और प्रतिभूति जमा जब्त कर ली जाएगी। फर्म को भविष्य में एनआईओएस का कार्य करने से रोक दिया जाएगा। इन परिस्थितियों में, हाउसकीपिंग का कार्य पैनल में शामिल अगली फर्म को दे दिया जाएगा ।

xii) एनआईओएस संविदा की अवधि के दौरान फर्म को सुपरवाइजर तथा सामग्रियों के संग्रहण के लिए एक छोटा कमरा/स्थान नि:शुल्क प्रदान करेगा। आबंटित कक्ष पर फर्म का नाम पट्ट लगाने की अनुमति नहीं दी जाएगी तथा कार्यालयी समय के पश्चात कार्यालय में किसी को भी रुकने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

xiii) संविदा को लिखित में एक माह की सूचना देकर बिना कोई कारण बताए रद्द किया जा सकता है ।

xiv) फर्म को एनआईओएस परिसर की सफाई के लिए आवश्यक झाड़न, साबुन, फ़िनायल, डिटर्जेंट, ओडोनिल, नेपथिलीन गोलियां/टिकिया, फिनिट, बेगोन, तेजाब, कैमिकल जैसी विभिन्न सामग्रियाँ पर्याप्त मात्र में उपलब्ध रखे।

सचिव

अनुलग्नक-1

तकनीकी बोली

हाउसकींपिग सेवाएं प्रदान करने के लिए निविदा फार्म

(हाउसकीपिंग सेवाएँ प्रदान करने हेतु निविदा फार्म) सभी कॉलम निविदाकार स्पष्ट रूप से स्वयं भरें । निविदा दस्तावेज़ में तथा नीचे वर्णित दस्तावेजी प्रमाण संलग्न करें )।

एनआईओएस के लिए हाउसकीपिंग सेवाओं हेतु संलग्न निविदाफार्म में बताई निबंधन एवं शर्तों को पढ़ने के पश्चात, मैं निविदा दस्तावेज़ में वर्णित सभी निबंधन एवं शर्तों को मानने के लिए सहमत हूँ ।

| **क्रम सं** | **विवरण दस्तावेजी प्रमाण एवं कार्यालयी दूरभाष तथा मोबाइल नंबर सहित दिया जाए ।** | **स्थिति निविदाकार द्वारा भरा जाए** | **अनुलग्नक संलग्न किया जाए (कृपया पृष्ठ संख्या स्पष्ट रूप से बताएं)** |
|---|---|---|---|
| 1. | फर्म का पूरा नाम एवं पता, कार्यालयी टेलीफोन नं. एवं मोबाइल नं. | | |
| 2. | क्या यह फर्म/कंपनी/सहभागिता आदि संबंधी अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत है? यदि हाँ, तो उसकी एक प्रति संलग्न करें । | | |
| 3. | क्या इस फर्म के पास संबन्धित ठेके, श्रम विनियम तथा उन्मूलन अधिनियम 1970 के अंतर्गत मान्य लाइसेन्स है? यदि हाँ, तो उसकी एक प्रति संलग्न करें । | | |
| 4. | क्या इस फर्म का एक केंद्रीय/राज्य सरकार/अर्ध-सरकारी संगठन/उपक्रम/निजी लि. कंपनी इत्यादि में हाउसकीपिंग सेवाओं का कम से कम तीन वर्ष का अनुभव है? यदि हाँ, तो उसकी एक प्रति संलग्न करें । | | |
| 5. | क्या फर्म का पिछले तीन वर्षों से फर्म का वार्षिक टर्नओवर एक करोड़ रु.प्रति वर्ष है / चार्टेड अकाउंटेंट द्वारा सत्यापित कराएं) यदि हाँ, तो उसकी एक प्रति संलग्न करें। | | |
| 6. | क्या इस फर्म के पास पीएफ़ का मान्य प्रमाण पत्र है? यदि हाँ, तो उसकी एक प्रति संलग्न करें। | | |
| 7. | क्या इस फर्म के पास ईएसआई का मान्य प्रमाण पत्र है? यदि हाँ, तो उसकी एक प्रति संलग्न करें। | | |
| 8. | क्या इस फर्म के पास सेवा कर पंजीकरण का | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | मान्य प्रमाण पत्र है? यदि हाँ, तो उसकी एक प्रति संलग्न करें । | | |
| 9. | क्या पिछले तीन वर्षों के दौरान किसी केंद्रीय/राज्य सरकार/अर्ध-सरकारी संगठन/उपक्रम ने इस फर्म को ब्लैक लिस्ट में शामिल किया है? यदि हाँ, तो कार्यालय के पत्र की प्रति संलग्न करें। | | |
| **अन्य संबन्धित जानकारी** | | | |
| 10. | फर्म में कार्यरत कार्मिकों की संख्या:<br>क) स्थायी<br>i) सफाई कर्मी<br>ii) सुपरवाइजर<br>ख) अस्थायी<br>i) सफाई कर्मी<br>ii) सुपरवाइजर | | |
| 11. | पैन नंबर (पैन कार्ड की सत्यापित प्रति संलग्न करें) | | |
| 12. | पिछले तीन वर्षों की लेखा का लेखा परीक्षित विवरण (कृपया प्रति संलग्न करें) | | |
| 13. | वर्तमान में उनके पास जो कार्य है कृपया उस कार्यालय का नाम तथा पता बताएं जहां पर हाउसकीपिंग की सेवाएँ उपलब्ध करा रहे हैं (प्रमाण पत्र संलग्न करें) | | |
| 14. | यदि निविदा दस्तावेज़ का मूल्य (एनआईओएस वेबसाइट से डाउनलोड किया हुआ फार्म संलग्न) है? | | डिमांड ड्राफ्ट की धनराशि: _______<br>डि.ड.सं. ___________<br>दिनांक: ___________<br>बैंक का नाम ________________ |
| 15. | क्या ईएमडी संलग्न है? | | डिमांड ड्राफ्ट की धनराशि: _______<br>डि.ड.सं. ___________<br>दिनांक: ___________<br>बैंक का नाम ________________ |

हम वचन देते हैं कि हमारी फर्म श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, केंद्र सरकार के अब तक के निर्धारित न्यूनतम मजदूरी मानदंडों को पूरा करेगी और एनआईओएस के लिए आवश्यक संबन्धित प्रमाण पत्र/प्रमाण जमा करेगी तथा इस संबंध में किसी भी प्रकार का उल्लंघन करने से बिना कोई कारण बताए संविदा को रद्द किया जा सकता है।

निविदा दस्तावेजों में वर्णित सभी निबंधन एवं शर्तें मुझे/हमें स्वीकार्य हैं ।

निविदाकार/प्राधिकृत हस्ताक्षरी के हस्ताक्षर : ________________

निविदाकार का नामः-______________________

निविदाकार का पता : ___________________________________

फर्म की मोहरः __________________________________

दूरभाष सं/मोबाइल संः _______________________________

अनुलग्नक- 2

वित्तीय बोली

हाउसकींपिग सेवाएं प्रदान करने के लिए निविदा फार्म

1. 30 सफाई कर्मी, 03 सुपरवाइजर (अकुशल) एवम सफाई सामग्री हेतु दर

| क्रम सं | विवरण | धनराशि (प्रतिदिन) | धनराशि (प्रति माह) |
|---|---|---|---|
| 1. | न्यूनतम मजदूरी अधिनियम और के अनुसार मजदूरी तथा सभी सांविधिक आवश्यकताओं सहित ईएसआई, ईपीएफ़, ईडीएलआई, बोनस, ग्रेच्युटी, सेवा कर और अन्य सेवा (श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, केंद्र सरकार द्वारा नियत दरों के अनुसार) | __________ रु. | __________ रु. |
| 2. | सेवा शुल्क | __________ रु. | __________ रु. |
| 3. | कुल (क्र.सं. 1+2) | __________ रु. | __________ रु. |
| 4. | सफाई के लिए प्रयोग की जाने वाली सफाई सामग्री का मूल्य | __________ रु. | __________ रु. |
| 5. | कुल योग (क्र.सं. 3+4) | __________ रु. | __________ रु. |

निविदाकार ऊपर क्र.सं. 1 में बताई दरों के विभाजन की दरें प्रदान करें। किसी निविदाकार द्वारा दरों का विभाजन प्रदान न करने पर निविदा अस्वीकार कर दी जाएगी।

मैंने/हमने एनआईओएस कार्यालयों की हाउसकीपिंग सेवाओं के लिए निविदा दस्तावेज़ में बताई गई सभी निबंधन एवं शर्तें पढ़ ली हैं । मैं/हम इस निविदा में वर्णित सभी निबंधन एवं शर्तें मानने के लिए सहमत और इस फर्म के संबन्धित कॉलमों में अपनी निम्नतम दरें भर रहे हैं ।

निविदाकार/प्राधिकृत हस्ताक्षरी के हस्ताक्षर : ________________

निविदाकार का नाम:-______________________

निविदाकार का पता : ________________________________

संस्था/फर्म की मोहर: ______________________________

दूरभाष सं/मोबाइल सं: ______________________________

**अनुलग्नक-3**

तीन जगहों पर स्थित एनआईओएस कार्यालयों की सफाई के लिए आवश्यक मदों/सफाई संबंधी सामग्री की सूची

(एक महीने में काम के लिए आवश्यक सभी सफाई संबंधी सामग्रियाँ जगह की आवश्यकतानुसार जारी और सुलभ कराई जाएंगी । फर्म द्वारा आवश्यक सामग्री की आपूर्ति में असफल हो जाने की स्थिति में, एनआईओएस फर्म के जोखिम और लागत पर सामग्री खरीदेगा तथा एनआईओएस द्वारा खर्च की गई धनराशि को मासिक बिल ईएमडी राशि में से काट लिया जाएगा ।

1. फिनायल (द्रव्य)
2. क्लींजो सेनिटाइजर
3. फिक्सल सेनिटाइजर
4. ओडोनिल
5. द्रव्य साबुन (होमोकाल)
6. साबुन टिकिया (लाइफबॉय/लक्स/डेटोल)
7. विम पाउडर
8. निरमा
9. सर्फ
10. तेजाब
11. टाट
12. सफ़ेद झाड़न
13. फर्श के झाड़न (मोटस)
14. रूम फ्रेशनर
15. नेपथलीन की गोलियां
16. टीपोल
17. थिनर
18. ब्रासो (पोलिश)
19. मैनशन फर्श पॉलिश
20. पंप सहित फिनिट
21. होमोकोल टिकिया
22. नारियल झाड़ू

23. फूल झाड़ू
24. बांस की झाड़ू
25. कूड़ा/बेकार सामग्री इकट्ठा करने के लिए टेम्पो/रिक्शा
26. ढक्कन लगे कूड़ेदान
27. बाल्टियाँ
28. प्लास्टिक के ड्रम
29. प्लास्टिक के जग
30. प्लास्टिक के मग
31. जाला झाड़न/जाले हटाने वाला
32. झाड़ू लगाने वाला ब्रुश
33. लटकाने वाला ब्रुश
34. कमांडो बुश
35. विभिन्न आकारों के खुरचने वाले ब्रुश
36. मारकिन का कपड़ा
37. जैट/नोजल के साथ प्लास्टिक का आरसी पानी का पाइप
38. वाइपर
39. पीले झाड़न
40. वैक्यूम क्लीनर, फर्श धोने की मशीन एवं दीवार सेशिंग/ग्राईंडिंग मशीन
41. बांस की छड़ी
42. एनआईओएस के प्राधिकारियों के निर्देशानुसार सफाई हेतु अन्य आवशयक सामग्री